**Ministry of Home Affairs-Major Achievements, significant Development and important events for the month of February, 2023.**

The Consultative Committee Meeting was held on issues relating to Left Wing Extremism in February, 2023.

2. Union Home Secretary wrote to the Chief Secretaries of 09 LWE affected States on the current LWE scenario and suggesting way forward.

3. Union Home Secretary held a meeting with Secretary of Department of Home Affairs, Australia, Mr. Michael Pezzullo on 01.02.2023. During the meeting, issues of bilateral security concerns were raised including growing incidents of anti-India Khalistani activities in Australia. He was requested to take swift and stern action against perpetrators of such violence.

4. Union Home Secretary met the Charged' Affairs, US Embassy, Ambassador Ms. A. Elizabeth Jones on 10.02.2023. Issues of mutual concern / interests including holding of 03rd Homeland Security Dialogue in 2023 was discussed.

5. Union Home Secretary have also taken a meeting on 24.02.2023 with Chief Secretary and DGP of Arunachal Pradesh to discuss the measures to augment the capacity of the Police Force of Arunachal Pradesh.

6. A meeting of Sub-Committee of National Executive Committee (SC-NEC) was held on 09.02.2023, to consider the reports of the Inter- Ministerial Central Teams on damages caused by floods/landslides- of 2022 in Karnataka, Assam, Nagaland, Meghalaya and Gujarat.

7. During the month of February, 2023, an amount of Rs.1976.40 Crore was released, (Rs.594.80 Cr.-Bihar+ Rs.1353.20 Cr.-Maharashtra + Rs.28.40 Cr.-Tripura) as Central share of SDRF to the State Governments.

8. Meeting of the Empowered Committee under Special Secretary (IS), MHA was held on 03.02.2023, for procurement of HAZMAT vehicles by NDRF. Pursuant thereto, approval for procurement of 04 HAZMAT vehicles by NDRF was given on 21.02 .2023.

9. The Vibrant Villages Programme has been approved on 15.02.2023 by the Cabinet. Further, a total amount of ₹123.92 crore has been released, so far, to the States/UTs under BADP.

10. A meeting was held under the chairmanship of Joint Secretary (BM-II) on 20.02.2023 and 27.02.2023 regarding integration of the features developed by BISAG-N for VVP in PM "Gati Shakti" portal with the VVP module being developed by NIC in BADP-OMS.

11. A meeting was held on 08.02.2023 under Additional Secretary (LWE) with the officials of M/o Information & Broadcasting and other stakeholders regarding "Distribution of DD Free Dish Receiver Sets with STBs in Strategic areas".

12. A total of Rs.9,03,00,000/- was released to SSB, BSF, CRPF and 02 Coys of 19 Bn CRPF under CAP scheme; Rs.2,34,78,847/- to NYKS under Media Plan Scheme; Rs.98.23 crore released to Andhra Pradesh, Chhattisgarh, Maharashtra, Odisha & Telangana States under Special Central Assistance (SCA) Scheme; and Rs.3.59 crore was released to BSF, CRPF and ITBP under Assistance to Central Agencies for LWE Management Scheme (ACALWEMS).

13. Meeting between Joint Secretary (CIC) and Deputy Chief of Mission, Embassy of Israel was held on 21.02.2023 to discuss the possibility of holding the Joint Steering Committee (JSC) meeting between India & Israel at an early date. Thereafter, in principle approval has been given to hold the $04^{th}$ JSC in May, 2023 in New Delhi.

14. $15^{th}$ meeting of the Standing Committee of Central Zonal Council was held on 02.02.2023 at Dehradun.

15. NOCs have been issued for changing the name of city "Osmanabad" as "Dharashiv" in Maharashtra & "Aurangabad" as "Sambhaji Nagar" in Maharashtra .

16. Total value of all Sanction accorded to CAPFs during the month of February, 2023 is Rs.86,49,80,694/- for purchase of equipments etc.

*****

# गृह मंत्रालय की फरवरी, 2023 की प्रमुख उपलब्धियां, उल्लेखनीय घटनाक्रम और महत्वपूर्ण कार्यक्रम

वामपंथी उग्रवाद से संबंधित मुद्दों पर परामर्शदात्री समिति की बैठक फरवरी, 2023 में आयोजित की गई।

2. केन्द्रीय गृह सचिव ने वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित 09 राज्यों के मुख्य सचिवों को वामपंथी उग्रवाद के मौजूदा परिदृश्य के बारे में पत्र लिखा और इससे निपटने के लिए आगे की योजना का सुझाव दिया।

3. केन्द्रीय गृह सचिव ने दिनांक 01.02.2023 को ऑस्ट्रेलिया के गृह विभाग के सचिव श्री माइकल पेजुलो के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी खालिस्तानी गतिविधियों की बढ़ती घटनाओं सहित द्विपक्षीय सुरक्षा मामलों के मुद्दों को उठाया गया। उनसे इस प्रकार की हिंसा के दोषियों के खिलाफ त्वरित और कड़ी कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया।

4. केन्द्रीय गृह सचिव ने अमेरिकी दूतावास में प्रभारी राजदूत, सुश्री ए. एलिजाबेथ जोन्स से दिनांक 10.02.2023 को मुलाकात की। वर्ष 2023 में तीसरा होमलैंड रिक्योरिटी डायलॉग आयोजित करने सहित पारस्परिक विषयों/ हितों पर चर्चा की गई।

5. केन्द्रीय गृह सचिव ने अरुणाचल प्रदेश के पुलिस बल की क्षमता बढ़ाने संबंधी उपायों पर चर्चा करने के लिए अरुणाचल प्रदेश के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक के साथ दिनांक 24.02.2023 को एक बैठक भी की।

6. कर्नाटक, असम, नागालैंड, मेघालय और गुजरात में वर्ष 2022 में आई बाढ़/भूस्खलन से हुए नुकसान पर अंतर-मंत्रालयी केंद्रीय टीमों की रिपोर्टों पर विचार करने के लिए राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की उप-समिति (एससी-एनईसी) की एक बैठक दिनांक 09.02.2023 को आयोजित की गई।

7. फरवरी, 2023 के दौरान, राज्य सरकारों को एसडीआरएफ के केंद्रीय हिस्से के रूप में 1976.40 करोड़ रुपये की राशि (594.80 करोड़ रुपये-बिहार + 1353.20 करोड़ रुपये-महाराष्ट्र + 28.40 करोड़ रुपये-त्रिपुरा) जारी की गई।

8. एनडीआरएफ द्वारा हजमत वाहनों की खरीद के लिए विशेष सचिव (आईएस), गृह मंत्रालय की अध्यक्षता में दिनांक 03.02.2023 को अधिकार प्राप्त समिति की बैठक आयोजित की गई। इसके अनुसरण में, एनडीआरएफ द्वारा 04 हजमत वाहनों की खरीद के लिए दिनांक 21.02.2023 को अनुमोदन प्रदान किया गया।

9. मंत्रिमंडल में दिनांक 15.02.2023 को वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम को अनुमोदन प्रदान कर दिया गया। इसके अतिरिक्त, बीएडीपी के अंतर्गत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को अब तक कुल 123.92 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

10. संयुक्त सचिव (बीएम-II) की अध्यक्षता में दिनांक 20.02.2023 और 27.02.2023 को प्रधानमंत्री "गति शक्ति" पोर्टल पर वीवीपी के लिए बीआईएसएजी-एन द्वारा तैयार किए गए फीचर्स को बीएडीपी-ओएमएस में एनआईसी द्वारा तैयार किए जा रहे वीवीपी मॉड्यूल के साथ एकीकृत करने के संबंध में एक बैठक आयोजित की गई।

11. अपर सचिव (एलडब्ल्यूई) की अध्यक्षता में सूचना और प्रसारण मंत्रालय के अधिकारियों और अन्य हितधारकों के साथ "सामरिक महत्व के क्षेत्रों में एसटीबी के साथ डीडी फ्री डिश रिसीवर सेट के वितरण" के संबंध में दिनांक 08.02.2023 को एक बैठक आयोजित की गई।

12. सीएपी योजना के तहत एसएसबी, बीएसएफ, सीआरपीएफ और 19 बटालियन सीआरपीएफ की 02 कंपनियों को कुल 9,03,00,000 रुपये की राशि जारी की गई; मीडिया योजना स्कीम के अंतर्गत एनवाईकेएस को 2,34,78,847/- रुपये; विशेष केन्द्रीय सहायता (एससीए) योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, ओडिशा और तेलंगाना राज्यों को 98.23 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई; और वामपंथी उग्रवाद प्रबंधन योजना के लिए केन्द्रीय एजेंसियों को सहायता (एकेएलडब्ल्यूईएमएस) के अंतर्गत बीएसएफ, सीआरपीएफ और आईटीबीपी को 3.59 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई।

13. संयुक्त सचिव (सीआईसी) और इजरायल दूतावास के डिप्टी चीफ ऑफ मिशन के बीच दिनांक 21.02.2023 को बैठक आयोजित की गई जिसमें भारत और इज़राइल के बीच संयुक्त संचालन समिति (जेएससी) की बैठक जल्द आयोजित करने की संभावना पर चर्चा की गई। तत्पश्चात, नई दिल्ली में मई, 2023 में जेएससी की चौथी बैठक आयोजित करने के लिए सैद्धांतिक अनुमोदन प्रदान किया गया है।

14. केंद्रीय क्षेत्रीय परिषद की स्थायी समिति की 15वीं बैठक दिनांक 02.02.2023 को देहरादून में आयोजित की गई।

15. महाराष्ट्र में "उस्मानाबाद" शहर का नाम "धाराशिव" और महाराष्ट्र में "औरंगाबाद" का नाम बदलकर "संभाजी नगर" करने के लिए एनओसी जारी की गई।

16. फरवरी, 2023 के दौरान, केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को उपकरणों आदि की खरीद के लिए कुल 86,49,80,694/- रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई।

*****